आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- इसरो ने मिशन गगनयान के लिए पैराशूट आधारित पहला एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण किया।
- खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा –देश का 2047 तक दुनिया के शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल होने का लक्ष्य है।
- पुरी में चल रहे इंडियन टूर ऑपरेटर्स एसोोसिएशन के 40वें वार्षिक सम्मेलन में अंडमान पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में, कार निकोबार में खेल महोत्सव मशाल रिले का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित पहले एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट–आईएडीटी – 01 का परीक्षण किया। यह महत्वपूर्ण अभ्यास अंतरिक्ष यात्रियों को पैराशूट के जरिये सफलतापूर्वक उतारने से संबंधित है। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, भारतीय नौसेना तथा भारतीय तट रक्षक के संयुक्त प्रयासों से किया गया। इस परीक्षण में संपूर्ण पैराशूट का प्रयोग किया गया, जो अंतरिक्ष यात्री को पुनर्प्रवेश और पानी में उतारने के दौरान धीमी गति तथा स्थिर स्थिति में उतारा गया। इसके अतिरिक्त इसरो अन्य परीक्षणों की तैयारी भी कर रहा है। इनका उद्देश्य भारत के पहले मानव सहित अंतरिक्षयान की उड़ान का रास्ता बनाना है।

<><><><><><><>

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश का 2047 तक दुनिया के शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल होने का लक्ष्य है। अहमदाबाद में कल राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और इस क्षेत्र में कई सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अगले 10 वर्षों में देश को दुनिया के शीर्ष 10 खेलों में शामिल करने का लक्ष्य रखा है।

हमने 2036 में ओलंपिक खेलों के लिए दावेदारी पेश की है। खेल मंत्री ने कहा कि देश में एक खेल परितंत्र बनाना समय की मांग है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले संसद सत्र में सरकार ने स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल पेश किया था। इस बिल में राष्ट्रीय खेल महासंघों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर जोर दिया गया है।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने प्रशासन से कार निकोबार के निवासियों के दीर्घकालिक मुद्दों का समाधान करने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में प्रचार समिति के अध्यक्ष ने कहा कि मूस जेट्टी के पास सी वॉल के अधूरे निर्माण के कारण मृदा क्षरण में कमी आई है, जिससे सुरक्षित पोत संचालन मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण क्षेत्र में सड़कों की स्थिति खराब हो गई है। श्री भास्कर ने रक्षा क्षेत्र के पास एक अस्थायी जेट्टी के लिए वैकल्पिक भूमि आवंटित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे माल को सीधे उतारने की सुविधा मिल सके। उन्होंने मूस जेट्टी में तत्काल मरम्मत और बुनियादी ढांचे के उन्नयन की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। जनजातीय पास प्रतिबंधों के कारण अभिभावकों को जवाहर नवोदय विद्यालय में जाने में हो रही कठिनाई की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने अभिभावकों और स्कूल अधिकारियों के बीच संचार के लिए एक संपर्क केंद्र बनाने का भी अनुरोध किया। इसके अलावा, समिति के अध्यक्ष ने अनियमित जलयान सेवाओं के कारण एलपीजी, पेट्रोल और डीज़ल जैसे आवश्यक ईंधनों, सरकारी आवासों और बीजेआर अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं की कमी से भी मुख्य सचिव को अवगत कराते हुए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने और त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

ओडिशा के पुरी में चल रहे इंडियन टूर ऑपरेटर्स एशोसिएशन के 40वें वार्षिक सम्मेलन में अंडमान पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में आई ए टी ओ अंडमान चैप्टर के अध्यक्ष मोहम्मद जाडवेट, आटो के अध्यक्ष मोहन विनोद, संयुक्त सचिव सैकत बिश्वास और अन्य प्रतिनिधियों ने द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और ओडिशा के उप–मुख्यमंत्री ने किया। इसमें देश भर के पर्यटन हितधारकों ने भारत के पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास के अवसरों, चुनौतियों और रोडमैप पर विचार–विमर्श किया। आज इस सम्मेलन का समापन होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में, कार निकोबार में खेल महोत्सव मशाल रिले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, ग्राम समुदायों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने मलक्का गाँव के मुखिया को मशाल सौंपी, और संयुक्त रूप से गांधी प्रतिमा से रिले का नेतृत्व किया। मशाल रिले कई गाँवों से होकर गुज़री, जहाँ इसका सांस्कृतिक प्रदर्शनों और जयकारों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन बिशप जॉन रिचर्डसन स्टेडियम में हुआ, जहाँ पेरका गाँव के मुखिया ने मशाल शिक्षा अधिकारी को सौंपी। इस मशाल को ननकौड़ी क्षेत्र की आगे की यात्रा के लिए नोडल अधिकारी को सौंपा गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज से 8 सितंबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु और न्यायमूर्ति गौरांग कांत मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अंतर्राष्ट्रीय फीडे रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट के तीसरा दौर  कल खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दैनिक टेलीग्राम के मुख्य संपादक के. बीजू नायर ने टूर्नामेंट के शीर्ष वरीयता प्राप्त, उत्तर प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा के खिलाफ शीर्ष बोर्ड पर औपचारिक पहला कदम रखा। तीसरे राउंड के पूरा होने के बाद, 34 खिलाड़ी पूरे अंकों के साथ संयुक्त रूप से आगे चल रहे हैं। रक्षा लेखा, खेल नियंत्रण बोर्ड के सलिल कुमार डी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आई एम दिनेश के. शर्मा को कड़े मुकाबले में ड्रॉ पर रोका। तमिलनाडु के मास्टर तनिश रागवन एस को अपने राज्य के साथी निकीलेश ए यू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वहीं, एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में, केरल के अभिषेक टी. एम. फ्रेंच डिफेंस में तमिलनाडु के एरिना इंटरनेशनल मास्टर फरहान एम से हार गए। इस टूर्नामेंट में भारत के 20 राज्यों के लगभग 350 खिलाड़ियों के साथ–साथ श्रीलंका, नेपाल और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिभागी भी शामिल हुए है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आज और कल यह शिविर गुप्तापारा और नील केन्द्र में, 28 तथा 29 को वन्डूर के अलावा कार निकोबार के सवाई और स्मॉल लपाती में सुबह साढ़े नौ से शाम चार बजे तक आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने कहा है कि इस दौरान लाभार्थी आधार संबंधी कार्य करा सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में अनुबंध के आधार पर राज्य समन्वयक के पद नियुक्ति की जाएगी। साक्षात्कार आज और कल वी.आई.पी रोड स्थित शिक्षा सदन के सचिव कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने होम स्टे की ओर से पर्यटकों को जनजातीय व्यंजन और द्वीपों के इतिहास व संस्कृति पर कहानी कथन सत्र प्रदान करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है। द्वीप समाचार ने रक्षा मंत्री द्वारा शुभांशु शुक्ला और अन्य गगन यात्रियों को सम्मानित करने के समाचार को अपनी हेडलाइन बनाई है। सीआरसी डिगलीपुर में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया, जबकि दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त द्वारा फरारगंज क्षेत्र में चल रही विकासीय परियोजना के निरीक्षण के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है और द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सांसद बिष्णु पद रे की प्रधानमंत्री से मुलाकात कर द्वीपों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत करने के समाचार को अपने पेपर के मध्य में जगह दी है।

<><><><><><><>